दिनांक 2 मई 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

संपत्तिकर एवं विवरणी जमा करने की अंतिम तिथि में इजाफा होने के बाद आज निगम मुख्यालय में 40 करदाताओं ने जमा किए अपने टैक्स

भिलाई नगर/ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय से आदेश जारी होने के बाद संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने की अंतिम तिथि में 15 दिवस की विशेष छूट प्रदान की गई है और अब यह तिथि 15 मई 2020 हो गई है ! तिथि बढ़ने के बाद आज निगम मुख्यालय में 40 लोगों ने अपना टैक्स जमा किया!

आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्पैरो सॉफ्ट. लिमिटेड भिलाई को टैक्स वसूली में 15 दिवस की छूट से संबंधित आदेश जारी कर दिया है! उपायुक्त एवं प्रभारी राजस्व अधिकारी तरुण पाल लहरें ने बताया कि वर्ष 2019-20 के कर दाता अपना संपत्तिकर 15 मई 2020 तक जमा कर सकते हैं जिनको कोई अधिभार नहीं देना पड़ेगा! निगम मुख्यालय में संपत्ति कर जमा करने आने वाले करदाताओं के लिए सोशल डिस्टेंस मेंटेन करने की कयावद की जा रही है! निगम मुख्यालय के अतिरिक्त जोन कार्यालयों में भी संपत्तिकर जमा किए जा सकते हैं इसके लिए स्पैरो सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड ने जोन कार्यालयों में व्यवस्था की हुई है!

जनसंपर्क अधिकारी